Under CSR Support by Ipca | Foundation missiongyan

# अध्याय - 10 | जैव-अणु

QUIZ PART-08

1. **स्टार्च के प्रमुख घटक कौन-से हैं?**
   A. केवल ऐमिलोज
   B. केवल ऐमिलोपेक्टिन
   C. ऐमिलोज और ऐमिलोपेक्टिन
   D. सेल्युलोज और ऐमिलोज (C)

*व्याख्या:* स्टार्च दो घटकों से बना होता है—ऐमिलोज तथा ऐमिलोपेक्टिन।

3. **ऐमिलोज में ग्लूकोस इकाइयाँ किस प्रकार के बंध से जुड़ी होती हैं?**
   A. β-(1→4) ग्लाइकोसाइडी बंध
   B. α-(1→4) ग्लाइकोसाइडी बंध
   C. α-(1→6) ग्लाइकोसाइडी बंध
   D. β-(1→6) ग्लाइकोसाइडी बंध (B)

*व्याख्या:* ऐमिलोज α-D-ग्लूकोस इकाइयों की सीधी श्रृंखला है जो α-(1→4) ग्लाइकोसाइडी बंध से जुड़ी होती है।

3. **ऐमिलोपेक्टिन में शाखाएँ किस बंध के कारण बनती हैं?**
   A. $C_1-C_4$
   B. $C_2-C_3$
   C. $C_1-C_6$
   D. $C_3-C_5$ (C)

*व्याख्या:* ऐमिलोपेक्टिन में शाखाएँ $C_1-C_6$ ग्लाइकोसाइडी बंध के कारण बनती हैं।

4. **सेल्युलोज की संरचना कैसी होती है?**
   A. शाखित श्रृंखला
   B. कुंडलित श्रृंखला
   C. सीधी श्रृंखला
   D. गोलाकार संरचना (C)

*व्याख्या:* सेल्युलोज β-D-ग्लूकोस इकाइयों की सीधी श्रृंखला वाला पॉलीसैकराइड है।

5. **सेल्युलोज में उपस्थित ग्लाइकोसाइडी बंध कौन-सा है?**
   A. α-(1→4)
   B. α-(1→6)
   C. β-(1→4)
   D. β-(1→6) (C)

*व्याख्या:* सेल्युलोज में β-(1→4) ग्लाइकोसाइडी बंध पाया जाता है।

6. **D-ग्लूकोस को HI के साथ लंबे समय तक गर्म करने पर क्या बनता है?**
   A. एथेन
   B. मेथेन
   C. n-हेक्सेन
   D. ग्लूकोनिक अम्ल (C)

*व्याख्या:* D-ग्लूकोस को HI के साथ लंबे समय तक गर्म करने पर n-हेक्सेन प्राप्त होता है।

7. **D-ग्लूकोस का ब्रोमीन जल से ऑक्सीकरण करने पर कौन-सा यौगिक बनता है?**
   A. सैकेरिक अम्ल
   B. ग्लूकोनिक अम्ल
   C. फॉर्मिक अम्ल
   D. एसिटिक अम्ल (B)

*व्याख्या:* ब्रोमीन जल द्वारा D-ग्लूकोस का ऑक्सीकरण करने पर ग्लूकोनिक अम्ल बनता है।

8. **प्रोटीन के विकृतीकरण (Denaturation) में कौन-सी संरचना अप्रभावित रहती है?**
   A. द्वितीयक  B. तृतीयक
   C. चतुर्थक  D. प्राथमिक (D)

*व्याख्या:* विकृतीकरण के दौरान प्राथमिक संरचना अप्रभावित रहती है जबकि अन्य संरचनाएँ नष्ट हो जाती हैं।

9. **प्रोटीन की द्वितीयक संरचना के सामान्य प्रकार कौन-से हैं?**
   A. प्राथमिक और तृतीयक
   B. α-हेलिक्स और β-प्लीटेड शीट
   C. कुंडलित और गोलाकार
   D. रेशेदार और गोलाकार (B)

*व्याख्या:* प्रोटीन की द्वितीयक संरचना के दो प्रमुख प्रकार α-हेलिक्स तथा β-प्लीटेड शीट हैं।

10. **ऐमीनो अम्ल उभयधर्मी व्यवहार क्यों प्रदर्शित करते हैं?**
    A. केवल अम्लीय समूह के कारण
    B. केवल क्षारीय समूह के कारण
    C. ज्विटर आयन बनने के कारण
    D. हाइड्रोजन बंध के कारण (C)

*व्याख्या:* ऐमीनो अम्ल जल में ज्विटर आयन बनाते हैं, जिससे वे अम्ल और क्षार दोनों की तरह व्यवहार करते हैं।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें। 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App